दिनांकः 14.06.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज जी–7 आउटरीच शिखर सम्मेलन में होंगे शामिल–विभिन्न देशों के नेताओं के साथ करेंगे द्विपक्षीय बैठकें।
- उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आज जैसलमेर में बीएसएफ की 154वीं बटालियन के समारोह में लेंगे भाग–जवानों से करेंगे संवाद।
- राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो ने नये आपराधिक कानूनों के बारे में सम्पूर्ण सूचना उपलब्ध कराने के लिए मोबाइल एप किया लॉंच।
- प्रदेश में कुछ स्थानों पर चला आंधी–बारिश का दौर–कई जगह तेज गर्मी, लू और उमस से लोग रहे बेहाल।

..................

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज इटली के अपुलिया में जी–7 आउटरीच शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। भारत को इस सम्मेलन में आउटरीच देश के रूप में आमंत्रित किया गया है। प्रधानमंत्री इसके अलावा जी–7 देशों के नेताओं के साथ–साथ आउटरीच देशों और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ द्विपक्षीय बैठकें और चर्चा भी करेंगे। जी–7 समूह में कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, ब्रिटेन और अमेरीका शामिल हैं। लगातार तीसरी बार देश की बागडोर संभालने के बाद प्रधानमंत्री मोदी की यह पहली विदेश यात्रा है।

..................

अठारहवीं लोकसभा के 24 जून से शुरू होने जा रहे पहले सत्र के तहत लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव 26 जून को होगा। सत्र के दौरान नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई जाएगी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी और इसके बाद दोनों सदनों में उनके अभिभाषण पर चर्चा की जाएगी। राज्यसभा का सत्र 27 जून से शुरू होगा। संसद सत्र 3 जुलाई को समाप्त होगा।

..................

पूर्व आई.पी.एस. अधिकारी अजीत डोभाल को एक बार फिर से राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बनाया गया है। इसके साथ ही पूर्व आई.ए.एस. डॉ. पी.के. मिश्रा को दोबारा प्रधानमंत्री का प्रधान सचिव नियुक्त किया गया है। मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने कल इन नियुक्तियों को मंजूरी दी। ये नियुक्तियां 10 जून से प्रभावी होंगी। कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय ने कहा है कि श्री डोभाल और श्री मिश्रा की नियुक्ति प्रधानमंत्री के कार्यकाल या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, प्रभावी रहेंगी।
इन दोनों अधिकारियों को वरीयता में कैबिनेट मंत्री का दर्जा दिया गया है। नियुक्ति समिति ने सेवानिवृत्त प्रशासनिक अधिकारी अमित खरे और तरूण कपूर को भी प्रधानमंत्री के सलाहकार के रूप में नियुक्त करने की मंजूरी दी है।

..................

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ प्रदेश के दो दिन के दौरे के तहत दूसरे दिन आज जैसलमेर में सीमा सुरक्षा बल की 154वीं बटालियन के समारोह में भाग लेंगे। वे इस दौरान बीएसएफ के जवानों और अधिकारियों से संवाद भी करेंगे। इससे पहले, श्री धनखड़ ने कल तनोट माता मंदिर के दर्शन कर पूजा अर्चना की और देश वासियों के सुख, समृद्धि और खुशहाली की प्रार्थना की। उपराष्ट्रपति ने भारत–पाक अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर बबलियानवाला सीमा चौकी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने चौकी पर तैनात जवानों से मुलाकात कर उनका हौसला बढ़ाया। उन्होंने जवानों को संबोधित करते हुए कहा कि उनके साहस और त्याग के कारण ही देशवासी सुरक्षित महसूस करते हैं।

..................

21 जून को मनाये जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां जोरों पर हैं। योग दिवस का राज्य स्तरीय समारोह जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में आयोजित होगा। इसे लेकर मुख्य सचिव सुधांश पंत ने कल समीक्षा बैठक भी की। उन्होंने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को कार्यक्रम से जुड़ी जिम्मेदारियां सौंपी।

उधर, बीकानेर के अतिरिक्त जिला कलेक्टर उम्मेद सिंह रतनू ने बताया कि सभी ब्लॉक और ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर योग दिवस कार्यक्रम में लोगों की ज्यादा से ज्यादा भागीदारी सुनिाश्चित करने के प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के आयोजन के लिए आयुष विभाग को नोडल विभाग बनाया गया है।

ब्यावर में आयोजित होने वाले योग दिवस कार्यक्रम को लेकर जिला कलेक्टर उत्सव कौशल ने विभागीय अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने आयोजन स्थल की सफाई, पेयजल और योगा मेट की समूचित व्यवस्था करने के निर्देश दिये।

..................

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो–एनसीआरबी ने नये आपराधिक कानूनों के बारे में सम्पूर्ण सूचना उपलब्ध कराने के लिए मोबाइल एप ''एनसीआरबी संकलन ऑफ क्रिमिनल लॉज़'' जारी किया है। इस एप में भारतीय न्याय सहिंता, भारतीय नागरिक सुरक्षा सहिंता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के बारे में जानकारी दी गयी है। यह एप ऑफलाइन भी काम करेगा तथा गूगल प्ले स्टोर और एप्पल प्ले स्टोर पर उपलब्ध है।

..................

आकाशवाणी समाचार जयपुर की ओर से प्रादेशिक समाचार बुलेटिनों में तीन नये आपराधिक कानूनों के बारे में जागरुकता लाने के उद्देश्य से श्रृंखला चलायी जा रही है। इसके तहत आज हम आपको बताने जा रहे हैं कि राजद्रोह कानूनों में किये गये आदर्श बदलाव के बारे में।

भारतीय न्याय संहिता–बीएनएस, 2023 धारा 152 के साथ देशद्रोह कानूनों के परिदृश्य को फिर से परिभाषित करती है, जो भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता को खतरे में डालने वाले कार्यों पर केंद्रित है। भारतीय दंड संहिता की धारा 124ए 'सरकार के खिलाफ' कृत्यों को संबोधित करती है। बीएनएस धारा 152 सशस्त्र विद्रोह, विनाशकारी गतिविधियों, और अलगाववादी गतिविधियों के लिए सजा देने का प्रावधान करती है जो भारत की अखंडता को प्रत्यक्ष रूप से खतरा पहुंचाने वाली दिखती है। नए कानून के तहत सरकारी नीतियों और कार्यों की आलोचना पर दंड का प्रावधान नहीं है। कानून में इरादे की आवश्यकता को जोड़ा गया है, जिससे प्रावधान की सीमा और विस्तृत हो गई है।

..................

प्रदेश में पिछले 24 घंटों में कुछ स्थानों पर आंधी और बारिश का दौर चला। वहीं कई जगह तेज गर्मी, लू और उमस से लोग बेहाल रहे। कल भी सर्वाधिक 46 दशमलव 1 डिग्री सेल्सियस तापमान श्रीगंगानगर में दर्ज किया गया। धौलपुर, पिलानी, भरतपुर और चूरू में पारा 45 डिग्री और इससे ऊपर रहा। वहीं संगरिया, अलवर, वनस्थली और करौली में 44 डिग्री से ज्यादा मापा गया। राजधानी जयपुर में पारे में कुछ कमी आई। यहां 41 दशमलव 6 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा। जयपुर में कल आंशिक रूप से बादल छाये रहे और कुछ स्थानों पर बूंदाबांदी हुई। बारां में कल हुई बारिश से मौसम खुशनुमा हो गया। मांगरोल और मऊ में अच्छी बारिश दर्ज की गयी। करौली में आज सुबह बूंदाबांदी हुई। झालावाड़ से हमारे संवाददाता ने बताया कि वहां शहरी और ग्रामीण इलाकों में कल कई स्थानों पर तेज बरसात हुई।

..................

मौसम विभाग के अनुसार आज कोटा, उदयपुर, जोधपुर और बीकानेर संभागों में कहीं–कहीं बारिश की संभावना है।

..................

आज अन्तर्राष्ट्रीय रक्तदाता दिवस है। इस अवसर पर लोगों को रक्तदान के प्रति जागरुक करने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यकम आयोजित किये जा रहे हैं। करौली और सवाईमाधोपुर में विभिन्न समाज सेवी संगठनों की ओर से रक्तदान शिविर लगाये गये हैं। इससे पहले कल अजमेर में जवाहर लाल नेहरु

अस्पताल की ओर से जागरुकता रैली निकाली गयी। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया गया।

..................

राज्य के सरकारी अस्पतालों में सोनोग्राफी व्यवस्था मजबूत की जाएगी। इसके लिए आगामी सितम्बर और अक्टूबर महीने में पीसीपीएनडीटी का प्रशिक्षण लेने वाले 146 चिकित्सकों को विभिन्न सरकारी अस्पतालों में लगाया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने सोनोग्राफी मशीनों की उपलब्धता और संचालन के संबंध में कल जयपुर में समीक्षा बैठक की। श्रीमती सिंह ने सरकारी अस्पतालों में सोनोग्राफी जांच सुविधा को बेहतर बनाने के लिए चिकित्सकों का पदस्थापन प्राथमिकता और आवश्यकता के अनुसार करने के निर्देश दिये।

..................